# जिलाधिकारी महोदय, जौनपुर की अध्यक्षता में दिनांकः 13.12.2022 को संपन्न जल जीवन मिशन कार्यक्रम की समीक्षा बैठक की कार्यवृत्ति–

दिनांकः 13.12.2022 को जनपद जौनपुर के विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी महोदय, जौनपुर की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के कार्यों की समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में निम्न की उपस्थिति रही।

1. जिलाधिकारी महोदय, जौनपुर।
2. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, जौनपुर।
3. अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर।
4. मे0 वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी), के प्रतिनिधि
5. मे0 एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर के प्रतिनिधि
6. डी0सी0, डी0पी0एम0यू0, जौनपुर।
7. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0ए0 मेधज टेक्नो कॉन्सेप्ट प्रा0लि0, जौनपुर।
8. समस्त आई0एस0ए0 के प्रतिनिधि।

बैठक की कार्यवृत्ति का विवरण निम्नानुसार है–

1. शासन द्वारा गठित जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (DSWM) समिति जनपद जौनपुर के अन्तर्गत जल जीवन मिशन "हर घर जल" कार्यक्रम हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा चयनित संस्था M/s AFCONS INFRASTRUCTURE LIMITED Afcons House, 16 Shah Industries Estate, Veera Desai Raod, Azad Nagar, P.O. Box No.-11978 Andheri (W) Mumbai-400053 द्वारा 21 नग पेयजल योजनाओं का डी0पी0आर0 प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुत पेयजल योजनाओं के डी0पी0आर0 पर जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा संस्तुति प्रदान की गयी। संस्तुति प्राप्त होने के उपरान्त डी0पी0आर0 स्वीकृति हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता समिति को अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

2. मे0 एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान तक 2287 राजस्व ग्रामों के लिए भूमि की उपलब्धता प्राप्त कर ली गयी है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म को निर्देशित किया गया कि सर्वे टीम बढ़ाकर अवशेष डी0पी0आर0 तैयार कर जल जीवन मिशन पोर्टल पर अपलोड करें।

3. जिलाधिकारी महोदय द्वारा समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अपने–अपने विकास खण्डों में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों का निरीक्षण करें एवं समस्त ग्राम प्रधानों के साथ बैठक कर पाइप लाइन डालने एवं गृह संयोजन प्रदान करने में कार्यदायी संस्था को अपेक्षित सहयोग प्रदान करें, एवं जल परीक्षण हेतु प्रशिक्षित महिलाओं द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायतों में जल गुणवत्ता परीक्षण कराना सुनिश्चित करायें।

4. मे0 वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी) के प्रतिनिधि से एफ0एच0टी0सी0 किये जाने की दैनिक प्रगति पूछे जाने पर अवगत कराया गया कि लगभग 260 गृह संयोजन प्रतिदिन किया जा रहा है इस पर जिलाधिकार महोदय द्वारा निर्देशित किया गया प्रतिदिन 500 नग गृह संयोजन किया जाना सुनिश्चित किया जाय।

5. जल जीवन मिशन फेज–2 कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्य की प्रगति के सम्बन्ध में मे0 वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0) के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि 206 नग पाइप पेयजल योजनाओं जिनका कवर अनुबन्ध राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा तैयार किया गया है, के सापेक्ष 152 नग पाइप पेयजल योजनाओं पर निर्माण सम्बन्धित कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा मात्र 152 नग पेयजल योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ किये जाने पर अत्यन्त रोष व्यक्त किया गया एवं फर्म को निर्देशित किया गया कि यथाशीघ्र स्वीकृत सभी पेयजल योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ करें।

Cont-2

Scanned with CamScanner

6. जिलाधिकारी महोदय द्वारा मे0 वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी) एवं मे0 एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर को निर्देशित किया गया कि पाइप पेयजल योजना से सभी पूरवों एवं घरों को आच्छादित किया जाना सुनिश्चित करें, सभी घरों को हाउस कनेक्शन देकर शुद्ध पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ करा दी जाय।

7. जिलाधिकारी महोदय द्वारा मे0 वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी) एवं मे0 एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर को निर्देशित किया गया कि टी0पी0आई0ए0 द्वारा निर्माण कार्य के दौरान दिये गये नॉन कम्प्लाएन्स का तुरन्त कम्प्लाएन्स किया जाय एवं कार्य की गुणवत्ता निर्धारित मानकों के अनुरूप प्राप्त किया जाना सुनिश्चित करें।

8. जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि पाइप लाइन डालने के लिए खोदे गये ट्रेन्चों की बैकफीलिंग यथोचित ढंग से पूर्ण किया जाय जिससे आवागमन में कोई असुविधा न हो।

9. जिलाधिकारी महोदय द्वारा पाइप पेयजल योजना के निर्माण के लिए नामित एजेन्सियों को निर्देशित किया गया कि कार्य प्रारम्भ करने के पूर्व रोड़ कटिंग आदि से सम्बन्धित ड्राइंग सम्बन्धित विभागों को प्रेषित कर एन0ओ0सी0 प्राप्त कर लिया जाय।

10. जिलाधिकारी महोदय द्वारा मे0 वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी) एवं मे0 एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर को निर्देशित किया गया कि निर्माण कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व कैम्पस का चिन्हांकन कराकर राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा स्वीकृत साइनबोर्ड अवश्य लगा दिया जाय।

11. जिलाधिकारी महोदय द्वारा टी0पी0आई0ए0 से सामाग्री की गुणवत्ता के सम्बन्ध में पूछे जाने पर टी0पी0आई0ए0 द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा प्रयोग की जा रही सामाग्री की गुणवत्ता मानकानुरूप है, उक्त सामाग्रियों की प्री–डिलेवरी एवं पोस्ट–डिलेवरी इन्सपेक्शन राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा सूचीबद्ध संस्थाओं से कराया जा रहा है।

12 जिलाधिकारी महोदय द्वारा जल जीवन मिशन फेज–3 कार्यक्रम के अन्तर्गत डी0पी0आर0 विरचन की स्थिति पूछे जाने पर मे0 एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर के उपस्थित प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि 790 नग डी0पी0आर0 जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की स्वीकृति के उपरान्त राजय पेयजल एवं स्वच्छता समिति, लखनऊ को प्रेषित कर दिया गया है जिसके सापेक्ष 704 नग डी0पी0आर0 पर एस.एल.एस.एस.सी. द्वारा स्वीकृत प्राप्त की जा चुकी है एवं 160 नग पाइप पेयजल योजनाओं का कवर एग्रीमेन्ट तैयार कर लिया गया है। फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि 74 नग पाइप पेयजल योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ किया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा स्वीकृत डी0पी0आर0 के सापेक्ष शतप्रतिशत योजनाओं पर कार्य तुरन्त प्रारम्भ करने हेतु एवं अन्य अवशेष डी0पी0आर0 यथाशीघ्र तैयार करने हेतु निर्देशित किया गया है।

13. मे0 एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर के उपस्थित प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि पाइप लाइन का कार्य 11 योजनाओं पर चल रहा है, उक्त के सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि जहां पर ट्यूबवेल बोरिंग का कार्य पूर्ण हो गया है, वहां पर पाइप लाइन के साथ–साथ गृह संयोजन का कार्य यथाशीघ्र प्रारम्भ किया जाये।

14. जल जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की गुणवत्ता की जांच हेतु नामित संस्था टी0पी0आई0 मेधज को यह निर्देशित किया गया कि गुणवत्तापूर्ण कार्य कराया जाना सुनिश्चित करें।

Cont.-3

Scanned with CamScanner

15. जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत वेलस्पन एवं एफकान्स एजेन्सी द्वारा अत्यन्त धीमी गति से कार्य कराया जा रहा है, कार्य की प्रगति असंतोषजनक है, इसमें और अधिक तेजी लाये जाने की आवश्यकता है। सम्बन्धित संस्था को यह निर्देशित किया गया कि अधिक से अधिक मैनपॉवर/मशीनरी लगाकर कार्य ससमय पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें।

उपरोक्त बिन्दुओं पर अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश के साथ बैठक सधन्यवाद सम्पन्न हुई।

(बी0बी0 सिंह)
जिला विकास अधिकारी
जौनपुर

## अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
## उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर

पत्रांक: 1288 / जलजीवमिशन / 240 दिनांक: 13-12-2022

**प्रतिलिपि–** निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।

1. जिलाधिकारी महोदय, जौनपुर।
2. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, जौनपुर।
3. अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर।
4. मे0 एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर, मुम्बई।
5. मे0 वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी), मुम्बई।
6. डी0पी0एम0यू0, जौनपुर।
7. टी0पी0आई0ए0 मेधज टेक्नो कॉन्सेप्ट प्रा0लि0, जौनपुर।
8. समस्त आई0एस0ए0 के प्रतिनिधि।

जिला विकास अधिकारी
जौनपुर

Scanned with CamScanner